प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

3 जून 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक ने म्यूच्युअल फंड और आस्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों पर सर्वेक्षण की शुरुआत की: 2023-24 दौर

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 'म्यूच्युअल फंड और आस्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों' के अपने वार्षिक सर्वेक्षण के 2023-24 दौर की शुरुआत की। इस सर्वेक्षण में हाल के वित्तीय वर्ष के मार्च के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों और आस्ति प्रबंधन कंपनियों से उनकी बाह्य वित्तीय देयताओं और आस्तियों पर जानकारी एकत्र की जाती है। सर्वेक्षण के परिणाम भारत के बाहरी क्षेत्र के सांख्यिकी के संकलन में उपयोग किए जाने के अलावा सार्वजनिक डोमेन में जारी किए जाते हैं।

आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) से अपेक्षित है कि वे विदेशी देयताओं और आस्तियों (एफ़एलए) से संबंधित वार्षिक विवरणी वेब-आधारित पोर्टल (https://flair.rbi.org.in) के माध्यम से ऑनलाइन 15 जुलाई 2024 तक प्रस्तुत करें।

साथ ही, म्यूच्युअल फंड कंपनियों से अपेक्षित है कि वे सर्वेक्षण अनुसूची (अनुसूची-4), भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर शीर्ष 'विनियामक रिपोर्टिंग' → 'रिटर्न की सूची' --→ 'एफ़एलए अनुसूची IV - सर्वेक्षण अनुसूची' के तहत [या शीर्ष 'फॉर्म' के अंतर्गत (होम पेज के नीचे 'अन्य लिंक' के तहत उपलब्ध) और उप-शीर्ष 'Survey'] के अंतर्गत उपलब्ध है, जिसे विधिवत भरकर 15 जुलाई 2024 तक ई-मेल द्वारा प्रेषित किया जा सकता है।

अनुसूची – 4 के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही फार्मेट में उपलब्ध है और रिपोर्टिंग कंपनियां उनमें से किसी का भी उपयोग कर सकती हैं। इससे संबंधित अनुदेश अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न में दिए गए हैं और किसी भी प्रकार के प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

निदेशक,
अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति प्रभाग (आईआईपीडी),
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (डीएसआईएम),
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-9, 5वीं मंज़िल, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/422